Estd. 1961
- 8 अंक 3
मूल्य - रु 1/-
जुलाई-सितम्बर 2017

# हिम चेतना

## HIM CHETANA

(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई.से संबद्ध)
Website : www.hindimahavidyalaya.org
E-mail : info@hindimahavidyalaya.org

विशेषांक

हिन्दी महाविद्यालय का मुखपत्र
(त्रैमासिक)

## वार्षिक रिपोर्ट

**आय व्यय विवरण 2016-17**



**हिन्दी**
**हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है।**

## साधारण सभा

शनिवार दि. 23-9-2017, 3-30 बजे महाविद्यालय में

# हिन्दी महाविद्यालय

(AUTONOMOUS & NAAC- REACCREDITED)
जूनियर, डिग्री एवं पी.जी. कॉलेज एवं M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT
नल्लाकुंटा, उस्मानिया युनिवर्सिटी रोड, शंकर मठ के समीप, हैदराबाद - 500 044.
फोन: 040-2761 6330, फैक्स : 040-6666 1860

# हिन्दी महाविद्यालय समिति

अध्यक्ष
सुरेन्द्र लूणिया

उपाध्यक्ष
कमलनारायण अग्रवाल

कार्यदर्शी
लक्ष्मीनिवास शर्मा

संयुक्त कार्यदर्शी
सुरेशचंद्र लाहोटी

कोषाध्यक्ष
श्यामसुन्दर मूंदड़ा

## सदस्य

1. डॉ. टी.वी. नारायण
2. श्री गोविन्द राठी
3. श्री शीलकुमार जैन
4. श्री जगदीश मित्तल
5. श्री कैलाशनारायण भांगडिया
6. डॉ. चंद्रप्रकाश चौहान
7. श्री जयदेव बल्दवा
8. श्री एम. उपेन्द्र
9. श्री सोहनलाल कडेल
10. श्री अशोक जैन
11. श्री सुशील कपाड़िया
12. श्री किशोर संचेती
13. श्री प्रदीप दत्त
14. श्री दयानिवास शर्मा
15. श्री प्रसन्न भंडारी

श्रीमती ज्योति हस्तक
प्राचार्य-एच.एम.वी.

डॉ.पी.उमा
प्राचार्य-एम.सी.जी.सी.बी.एम.

# गवर्निंग काउंसिल कॉलेज (स्वायत्त)

श्री सुरेन्द्र लूणिया (अध्यक्ष)

कमल नारायण अग्रवाल (उपाध्यक्ष)

श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा (कार्यदर्शी)

सुरेशचंद्र लाहोटी (संयुक्त सचिव)

श्री श्याम सुन्दर मूंदड़ा (कोषाध्यक्ष)

श्रीमती ज्योति हस्तक (प्राचार्य)

श्री पी. गिरिधर (सदस्य)

डॉ. मुक्ता वाणी (सदस्य)

डॉ. डी.वी.जी. कृष्णा सदस्य (शिक्षाविद्)

प्रो. अर्जुन राव (डीन-सी.डी.सी)

डॉ. के.पी. सिंग (यू.जी.सी नॉमिनी)

# M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT

**SURENDRA LUNIA**
(President)

**KAMAL NARAYAN AGRAWAL**
(Vice President)

**LAXMINIVAS SHARMA**
(Secretary & Correspondent)

**SURESH CHANDRA LAHOTI**
(Joint Secretary)

**SHYAM SUNDER MUNDADA**
(Treasurer)

## MEMBERS

1. Dr. T.V. Narayan
2. Sri Hemanth Kumar
3. Sri Daya Nivas Sharma
4. Dr. Chandraprakash Chauhan
5. Dr. P Uma

# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| अनुक्रमणिका | 01 |
| सूचना एवं कार्यसूची | 02 |
| दृष्टि 2020 और हमारे लक्ष्य | 03 |
| संस्थाध्याक्ष की कलम से | 04 |
| वार्षिक रिपोर्ट | 05 |
| एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (रिपोर्ट) | 19 |
| महाविद्यालय का वार्षिक आय-व्यय विवरण | 22 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 28 |
| वार्षिक परीक्षा-परिणाम | 29 |
| प्राध्यापक विवरण | 30 |
| समिति द्वारा नियुक्त अधिकारी | 31 |
| एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट प्राध्यापक विवरण | 32 |

# सूचना

हिन्दी महाविद्यालय समिति की साधारण सभा शनिवार दिनांक 23-09-2017 को मध्याह्न 3.30 बजे महाविद्यालय में संस्थाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लूणिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श और निर्णय किया जाएगा। इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थित है।

**विषय सूची**

1) गत बैठक की कार्रवाई स्वीकृत करना।

2) हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2016-17 की वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।

3) महाविद्यालय का वर्ष 2016-17 का आय - व्यय विवरण स्वीकृत करना।

4) महाविद्यालय के लेखा - परीक्षक की नियुक्ति वर्ष 2017-18।

5) महाविद्यालय के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का चुनाव।

6) अन्य विषय - अध्यक्ष की अनुमति से।

कोरम के अभाव में साधारण सभा आधे घण्टे के पश्चात् महाविद्यालय में होगी।

लक्ष्मीनिवास शर्मा
कार्यदर्शी

# दृष्टि 2020

शिक्षा-जगत् की आचार-संहिता की परिधि के भीतर, राष्ट्र के प्रति अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्त्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हुए, समाज के विभिन्न वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के लिये हिन्दी महाविद्यालय में ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न आधुनिक विषयों के गहन-गंभीर अध्ययन की सुविधा हिन्दी एवं अंग्रेज़ी माध्यम से जनसाधारण के व्यय-सामर्थ्य और सीमाओं में निरन्तर सुलभ करायें तथा पाठ्यक्रमेतर अन्यान्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियों के सतत् सक्रिय रहते हुए एक अद्वितीय विश्वविद्यालय के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं प्रत्युत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी पहचान बने-यही हमारा चिर-लक्ष्य है।

# हमारे लक्ष्य

01) हिन्दी महाविद्यालय सन् 2020 तक हिन्दी विश्वविद्यालय बने।

02) सन् 2020 तक छात्र - छात्राओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो।

03) छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण उत्कर्ष के साथ-साथ उनमें आत्म विश्वास, सामयिक योग्यता, आत्म निर्भरता, साक्षात्कार कौशल, नेतृत्व गुण, सामाजिक चेतना आदि का विकास करना।

04) ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न युगोचित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना।

05) शिक्षण में आधुनिक श्रव्य - दृश्य साधनों एवं उपकरणों का प्रयोग।

06) विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय संगठनों, उपक्रमों एवं अभिकरणों आदि से नियुक्ति संबंधी अनुबंध तथा छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस रिक्रूटमेंट सेल की स्थापना।

07) छात्र-छात्राओं के लिए परामर्श कक्ष की व्यवस्था।

08) राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता।

09) प्रान्तीय एवं विश्वविद्यालयीन स्तर पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता एवं राष्ट्रीय पदक एवं पुरस्कार प्राप्ति का संकल्प।

10) कार्यालय प्रणाली का कंप्यूटरीकरण तथा अकाउंटेंसी की नयी पद्धतियों का प्रयोग।

11) परिसर में पर्यावरण-संरक्षण एवं हरित क्रांति।

12) प्रत्येक व्यतीय वर्ष नवीन उपलब्धियों के कारण स्मरणीय एवं उल्लेखनीय बने।



**श्री सुरेन्द्र लूणिया**
अध्यक्ष

# संस्थाध्यक्ष की कलम से...

हिन्दी महाविद्यालय एक संस्था नहीं बल्कि एक परंपरा का प्रतीक है जिसे 56 वर्ष पूर्व समाज सेवियों और हिन्दी अनुरागियों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ प्रारंभ किया था। आज भी यह अपनी गौरवपूर्ण परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने की दिशा में प्रयत्नशील है।

हिम चेतना की यह वार्षिक रिपोर्ट (विशेषांक) आपको प्रेषित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। उक्त त्रैमासिक मुखपत्र के माध्यम से हिन्दी महाविद्यालय की प्रगति एवं प्रत्येक गतिविधि की जानकारी समस्त सदस्यों, शुभचिंतकों तक पहुँचाई जा रही है। अकादमिक वर्ष 2016-17 संस्था के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। नवीन परिस्थितियों में स्वयं को समायोजित करने के लिए अंग्रेज़ी माध्यम का कोर्स प्रारंभ करते हुए भी हमें अपने मूल ध्येय से नहीं हटना है। हिन्दी की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस परंपरा को वहन करते हुए एकल विद्यालय एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालयों को पिछले कई वर्षों से सहायता राशि प्रदान की जाती है।

एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में हमें इतनी स्वतंत्रता है कि हम नये कोर्स प्रारंभ कर सके तथा संचालित पाठ्यक्रम में परिवर्तन ला सके। इस दिशा में महाविद्यालय सकारात्मक रूप से गतिशील है। विद्यार्थियों को रोजगार मूलक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

महाविद्यालय का विशाल भवन और विस्तृत परिसर सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र है। महाविद्यालय में अनेक संसाधन एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को उभारने के लिए नयी शिक्षण तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

सभी विद्यार्थी प्रतिभावान होते हैं लेकिन सही परिवेश और परवरिश न मिलने के कारण सभी में एकसाथ सभी गुणों का विकास नहीं हो पाता। जो छात्र धीमी गति से चीजों को सीखते हैं उनके लिए महाविद्यालय के शिक्षक अपनी ओर से प्रयास कर उन्हें गतिशील बनाते हैं। महाविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त बहुत ही योग्य प्राध्यापक हैं जो छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत हैं।

संस्था उन्नति करे तथा आगामी वर्षों में कीर्ति एवं उत्कर्ष का शिखर छू सके, हमारा यह प्रयत्न है। अनेक योजनाएँ विचाराधीन है और क्रियान्वयन के पथ पर हैं। इस सन्दर्भ में सभी शुभचिंतकों एवं हिन्दी प्रेमियों के विचार और उत्कृष्ट सुझाव आमंत्रित हैं।

**सुरेन्द्र लूणिया**



लक्ष्मीनिवास शर्मा
कार्यदर्शी

# हिन्दी महाविद्यालय
# वार्षिक रिपोर्ट - 2016-17

आदरणीय सदस्यगण,

वर्ष 2016-17 की संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। शैक्षणिक क्रियाकलापे की दृष्टि से 2016-17 का वर्ष अधिक सक्रिय और उपलब्धियों भरा रहा है। प्राप्त स्वायत्तता की कालावधि 6 वर्ष है। हिन्दी महाविद्यालय ने स्वायत्तशासी संस्था के रूप में 4 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिये हैं। और इस प्रकार स्वायत्तता पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों का प्रथम बैच स्नातक बन गया है। राष्ट्र के प्रति सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का निर्वाह करते हुए विभिन्न वर्गों के छात्रों को रोजगारमूलक, आधुनिक तथा शिक्षा जन्य हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराना, तकनीकी ज्ञान प्रदान करना प्रबंध समिति का ध्येय है। इसी संदर्भ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समय-समय पर बैठकें होती रही हैं जिनमें विचार-विमर्श के पश्चात् महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

**अकादमिक वर्ष 2016-17 में सम्पन्न बैठकें**

- हिन्दी महाविद्यालय की वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2015-16 की 25-09-2017 को सम्पन्न हुई।
- हिन्दी महाविद्यालय प्रबंध समिति की प्रथम बैठक 5-8-2016 को तथा दूसरी बैठक 12-5-2017 को सम्पन्न हुई।
- हिन्दी महाविद्यालय स्वायत्तता गवर्निंग काउन्सिल की प्रथम बैठक 1-10-2016 को तथा दूसरी बैठक 20-04-2017 सम्पन्न हुई।

सरकार Skill Development की अनिवार्यता को अनुभव कर रही है और शिक्षण संस्थाओं को इस दिशा मे कदम उठाने के लिए सुझाव दिये गये हैं। वैश्विकरण के युग में कौशल और ज्ञान दोनों ही आर्थिक विकास और सामाजिक उत्थान की प्रेरक शक्ति है। तीव्रता से बढ़ती और बदलती अर्थव्यवस्था वाला भारत जैसा देश, जनसंख्या की बढ़ती दर के कारण दोहरी समस्याओं से जूझ रहा है। यहाँ एक और प्रशिक्षित गुणवत्ता से युक्त वर्ग है वहीं दूसरी ओर जनसंख्या के एक बड़े वर्ग के पास या तो बहुत कम स्तर पर रोजगार कौशल है अथवा इसका पूर्णतः अभाव है।

हिन्दी महाविद्यालय सफलता के कई आयाम तय कर चुका है। NAAC द्वारा पुनः मूल्यांकन एवं प्रत्यायन तथा स्वायतत्ता के क्रमशः 2 चक्र एवं 5 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पदाधिकारी से लेकर प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण सभी संस्थागत गतिविधियों तथा शैक्षिक क्रियाकलापों की उत्कृष्टता के लिए पूर्ववत् प्रत्यनशील हैं। इस समय हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है नियमित प्राध्यापकों का अभाव। वर्ष 2016-17 में कई प्राध्यापक सेवानिवृत्त हो गये। सरकारी सहायता प्राप्त प्राध्यापकों की संख्या एक दम घट गई है। इन सेवानिवृत शिक्षकों के पद पर नवीन नियुक्तियाँ नहीं की जा रही हैं। ऐसे में महाविद्यालय प्रबंध समिति को विभागों

के लिए नियुक्त शिक्षकों के वेतन का व्यय वहन करना पड़ रहा है। महाविद्यालय में पुनःमूल्यांकन करने के लिए NAAC की कमेटी ने 8-9 सितम्बर को आकर पुनः मूल्यांकन किया।

तेलंगाना राज्य के अंतर्गत आने वाले सभी विश्वविद्यालयों के लिए ऑनलाईन एडमिशन सिस्टम लागू किया गया है। इस प्रक्रिया द्वारा अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। कौशल विकास के अंतर्गत आने वाले कोर्सेज सफलतापूर्वक चल रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम का बी.एस.सी. कोर्स जो किसी कारणवश बंद कर दिया गया था उसे पिछले वर्ष प्रारम्भ किया गया है तथा छात्रों ने उसमें प्रवेश लेना भी शुरू कर दिया है। बी.एससी. में निम्नलिखित कोर्सेज़ प्रारम्भ किये गये हैं।

1. Mathematics, Physics, Computer Science
2. Mathematics, Statistics, Computer Science
3. Biotechnology, Microbiology, Chemistry
4. Biochemistry, Microbiology, Chemistry
5. B.Com Computers & M.Com (Introduced from academic year 2017-18)

वर्ष 2016-17 का आय व्यय - विवरण संलग्न है।

- संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है।
- समिति में व्यय से अधिक आय - रूपये (+) 37,0 I736 रही
- कॉलेज में आय से अधिक व्यय रूपये (-) 2,21,428
- जूनियर कॉलेज में आय से अधिक व्यय रूपये — (-) 5,65, 861
- M.C. गुप्ता कॉलेज में व्यय से अधिक आय रूपये (+) 1,91, 602
- P.G कॉलेज में आय से अधिक व्यय (-) 87,294
- Vocational कॉलेज में आय से अधिक व्यय (-) 14,72,090
- इस वर्ष अचल एंव चल सम्पत्ति में रूपये (+)15,49,665 जोड़े गए।
- इस वर्ष Govt. of Telangana Teaching grant 15551958 आय तथा
- University grant commission से vocational course के लिए -75,00,000 प्राप्त हुई।
- वर्ष 16-17 से B.Sc. अंग्रेजी माध्यम से प्रांरभ हुई कक्षाओं के लिए अंशकालीन प्राध्यापकों को नियुक्त किय गया। महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सूची संलग्न हैं -

हिन्दी महाविद्यालय चतुर्दिक विकास और की अग्रसर है। शृंखलाबद्ध रूप से कई नवीन योजनाओं को लागू किया गय है। इसमें प्रमुख है स्टेडियम, जिसमें हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था है। 45 हजार विविध विषयों से युक्त पुस्तकालय वे कम्प्यूटराइजेशन में तीव्रता लाने के लिए लिबमैन सॉफ्टवेयर उपयोग में लाया जा रहा है। स्वायत्ता के अन्तर्गत परीक्षाओं र जुड़ी गतिविधियों के लिए गठित परीक्षा विभाग को भी आधुनिक तकनीक से युक्त किया गया है। एरो कम्प्यूटर के माध्यम र अंक तालिका एवं परीक्षा परिणाम तैयार किये जा रहे हैं। छात्रों के लिए सभी सूचनाएँ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन एवं सुविधाएँ

## पुस्तकालय

हिन्दी महाविद्यालय का पुस्तकालय महाविद्यालय के लिए गौरव है क्योंकि यह नगरद्वय के पुस्तकालयों से अधिक समृद्ध है उक्त पुस्तकालय में प्राचीनतम दुर्लभ साहित्य, कोश, संदर्भग्रंथ आदि हैं जो अन्यत्र अप्राप्य हैं। कतिपय प्रतिबंधित पुस्तकें जैर 'पथ के दावेदार' भी उपलब्ध है। नालंदा शब्द कोश के अप्राप्य संस्करण से लेकर **कामिल बुल्के की रामकथा, भारतीर लोक साहित्य कोश** (9 भाग) जो शोधार्थियों के लिए दुर्लभ है परंतु यहाँ प्राप्य है। **आंध्र का इतिहास** की दुर्लभ प्रति यह उपलब्ध है। ज्ञान-पिपासुओं के लिए यह पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी है। यू.जी.सी. के नियमानुसार डिग्री की पुस्तकों के अतिरिक्त प्रति वर्ष 15 हजार रूपये की पुस्तक स्नातकोत्तर केन्द्र के विद्यार्थियों के लिए मंगवाई जाती है। उक्त पुस्तकों क चयन अत्यन्त सावधानीपूर्वक, विषयानुकूल, पाठ्यक्रम से संबंधित, ग्रंथ, दुर्लभ, साहित्य, संदर्भ ग्रंथ, समकालीन साहित्य आदि को देखते हुए किया जाता है। अनेक मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक पत्र-पत्रिकाएँ भी मंगवाई जाती हैं। अकादमिक वर्ष 2016-17 में प्रारम्भ किये जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों के लिए पुस्तकें खरीदी गई हैं।

**42 हज़ार विविध विषयों से युक्त पुस्तकालय के कम्प्यूटराइज़ेशन में तीव्रता लाने के लिए 'लिबमैन सॉफ्टवेयर' उपयोग में लाया जा रहा है।**

### पुस्तकालय में लगभग 42,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**सितंबर 2016 से जुलाई 2017 तक खरीदी गयी पुस्तकें**

| | 2016 सितंबर से पूर्व | 2016 सितंबर के पश्चात | | 2016 सितंबर से पूर्व | 2016 सितंबर के पश्चात | | 2016 सितंबर से पूर्व | 2016 सितंबर के पश्चात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणित - | 1051 | 38 | भौतिकी शास्त्र - | 1206 | 26 | वनस्पति शास्त्र - | 737 | -- |
| वाणिज्य - | 4676 | 257 | रसायन शास्त्र - | 1205 | 46 | इतिहास - | 1475 | 22 |
| कंप्यूटर - | 219 | 63 | प्राणीविज्ञान - | 766 | -- | हॉस्पिटैलिटी - | 39 | -- |
| अर्थशास्त्र- | 1579 | 30 | सूक्ष्म जीवविज्ञान- | 55 | 03 | टूरिज़्म मैनेजमेंट - | 26 | -- |
| राजनीति शास्त्र | 1629 | 51 | जैव प्रौद्योगिकी- | 49 | 12 | केंद्रीय हिंदी संस्थान | 448 | -- |
| अंग्रेजी - | 3357 | 90 | जैव रसायन - | 63 | 11 | तेलुगु | | 16 |
| हिन्दी साहित्य- | 21226 | 232 | संस्कृत - | 1283 | 95 | अन्य - | 8708 | 91 |



## जिम

वर्ष 2002 में यू.जी.सी. से प्राप्त अनुदान राशि से महाविद्यालय में जिम की स्थापना हुई। अब तक सैंकडों छात्र-छात्राओं ने उसका लाभ उठाया है। जिम को हमारे छात्रावास की छात्राओं के लिये भी खोल देने का प्रस्ताव आया है। वस्तुतः जिम के समुचित एवं व्यापक उपयोग की एक अचूक योजना के निर्माण की आवश्यकता है। इस दिशा में आप सबके सुझाव आमंत्रित हैं।





# वातानुकूलित कंप्यूटर लैब

इसकी स्थापना सन् 2002 में की गई थी। इसमें इंटरमीडिएट, बी.ए., बी.कॉम. तथा विज्ञान के विद्यार्थी अपने -अपने पाठ्यक्रम के आधार पर कंप्यूटर-विषयक ज्ञान प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय की नयी नीतियों के अनुसार बी.कॉम के शिक्षा क्रम में सभी विषयों के साथ कंप्यूटर का प्रयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य हो गया है तथा प्रैक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने लगे हैं। कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिये कंप्यूटर लैब में उपलब्ध 74 कंप्यूटरों को विभागीय आवश्यकतानुसार वितरित करते हुए स्वतंत्र कक्षाओं में विभक्त कर दिया गया है तथा कंप्यूटरों की देख-रेख एवं रख-रखाव हेतु एक विशेषज्ञ की भी नियुक्ति कर दी गई है।

अंग्रेजी विभाग - 18 वाणिज्य विभाग - 26 ऐच्छिक कोर्स - 25 अतिरिक्त- 10

कंप्यूटरों को इंटरनेट से भी जोडा गया है, जिससे नेट पर उपलब्ध ज्ञान सामग्री से लाभान्वित हुआ जा सके। समय-समय पर की गई विद्युत् की कटौती से होने वाले व्यवधान से बचने के लिये कंप्यूटर लैब में यू.पी.एस. स्थापित किया गया है, जिससे अब बिजली गुल हो जाने पर भी कंप्यूटरों पर निरंतर कार्य किया जा सकेगा।



# महिला एवं पुरुष छात्रावास

**महिला छात्रावास :** वर्ष 2007 के जनवरी मास में उद्घाटित हमारे छात्रावास में 80 से अधिक छात्राओं के निवास की व्यवस्था है। छात्रावास में व्यवस्थित रसोई घर, डाइनिंग हॉल, रिक्रिएशन रूम, इनडोर क्रीडा कक्ष आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं। छात्रावास के नीचे पृथक् पार्किंग स्थल का भी प्रावधान है। प्रदत्त सुविधाओं के कारण इस छात्रावास की, निकटवर्ती छात्रावासों तथा छात्र समाज में बड़ी चर्चा है। वर्ष 2016-17 में इस छात्रावास में लगभग 81 छात्राओं ने प्रवेश लिया। छात्रावास की छात्राओं को लाइब्रेरी के उपयोग की स्वीकृति भी दी जाती है।

पुरुष छात्रावास : स्टेडियम के पिछले भाग में पुरुषों के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई है जो अक्तुबर माह में पूर्ण हो जाएगी एवं 25 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था वहाँ रहेगी।



# एन.सी.सी. इकाई

सन् 1994 में स्थापित एन.सी.सी. इकाई केयर टेकर आकाश थापा (हिन्दी महाविद्यालय पूर्व छात्र) के योग्य नेतृत्व में पर्याप्त सक्रिय है। महाविद्यालय के अपने तथा अन्य संस्थाओं से आये सभी कैडेट्स सहित इस इकाई में संप्रति 150 से अधिक कैडट्स प्रशिक्षणाधीन हैं, जिन्होंने नियमानुसार गत वर्ष भी विभिन्न शिविरों, शिविरकालीन प्रतियोगिताओं, स्पर्धाओं तथा सामाजिक जागरूकता मूलक सेवा-कार्यों में भाग लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया।

- सितम्बर : सिकन्दराबाद में हो रहे तोपखाना प्रशिक्षण में 5 कैडेट्स ने भाग लिया
- अक्तूबर : सिकन्दराबाद में हो रहे 7 (तेलंगाना) गर्ल्स बटालियन वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में 5 कैडेटों ने भाग लिया।

15 कैडेट्स ने एक (तेलंगाना) रीमाऊंट्री तथा वेंट्री बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प (सिकन्दराबाद) में भाग लिया।


- 2 छात्र कैडेट्स ने केरला में हुए नैशनल इंटीग्रेशन कैम्प में भाग लिया।
- नवम्बर: 3 छात्र कैडेट्स का चुनाव तमिलनाडु में हुए नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प के लिए हुआ।
- 2 छात्र कैडेट्स का चुनाव वरंगल में नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प के लिए हुआ।
- 3 छात्र कैडेट्स का चुनाव राँची में हुए ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैम्प के लिए हुआ।
- 3 छात्र कैडेट्स का चुनाव गुजरात में हुए ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैम्प में हुआ।
- एक छात्र कैडेट का चुनाव सिकन्दराबाद में हुई (इंटर ग्रुप प्रतियोगिता) रिपब्लिक डे कैम्प के लिए हुआ।
- 39 कैडेट्स ने सिकन्दराबाद में हुए 3 (टी) बटालियन वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प में भाग लिया।
- 7 दिसम्बर 2016 को पैटनी परेड ग्राउंड में हुए पोस के ध्वजारोहण में 01कैडेट ने भाग लिया।
- 11 तथा 12 फरवरी 2017 को 'बी' सर्टिफिकेट की परीक्षाएँ सम्पन्न हुई। जिसमें 52 लड़कों तथा 06 लड़कियों ने भाग लिया।
- 25 तथा 26 फरवरी 2017 की 'सी' सर्टिफिकेट की परीक्षाएँ सम्पन्न हुई। जिसमें 25 लड़कों तथा 06 लड़कियों ने भाग लिया।
- 26 जनवरी 2017 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पैटनी परेड ग्राउंड में आयोजित परेड में 01 कैडेट ने हिस्सा लिया।
- अप्रैल – हिन्दी महाविद्यालय के छात्र आर. संदीप ने लक्ष्यद्वीप में आयोजित 14 अप्रैल से 25 अप्रैल प्रमुख अखिल भारतीय कैम्प में भाग लिया
- मई : हिन्दी महाविद्यालय के छात्र ललितेश तिवारी तथा पी. रंजीत 15 मई से 26 मई के बीच मैसूर मे आयोजित अखिल भारतीय कैम्प में भाग लेने के लिए गये ।
- 56 कैडेट बी सर्टिफिकेट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए , 99 प्रतिशत केडेट्स को ए ग्रेड प्राप्त हुआ तथा 1 प्रतिशत कैडेटस को बी ग्रेड प्राप्त हुआ ।
- जून – 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस का आयोजन एन. सी. सी. के छात्रों द्वारा किया गया ।
- 18 मई से 27 जून तक आयोजित वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प में 4 लड़कियों तथा 2 लड़कों ने भाग लिया ।

| S. No. | ACTIVITY | PLACE | CADETS | DURATION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Traffic Awareness Program By Telangana Traffic Police | SRINAGAR COLONY | 30 | 19-Jul-17 |
| 2 | ANNUAL TRAINING CAMP | BISON TRAINING GROUND | 24 | 20JULY - 29JULY2017 |
| 3 | NATIONAL INTEGRATION CAMP | SECUNDERABAD | 2 | 01AUG - 12AUG2017 |
| 4 | LOCAL INDEPENDENCE DAY CAMP | GOLCONDA | 2 | 7AUG - 16AUG2017 |
| 5 | NCC NEW ENROLMENT 2017-2018 | HMV COLLEGE | 62 | 4-Aug-17 |
| 6 | ARMY ATTACHMENT CAMP | 1 EME CENTER | 3 | 16AUG - 30AUG2017 |
| 7 | BLOOD DONATION CAMP | NCC DIRECTORATE | 2 | 13-Aug-17 |
| 8 | INDEPENDENCE DAY RALLY | NECKLACE ROAD | 100 | 14-Aug-17 |
| 9 | TREE PLANTATION | HMV COLLEGE | 30 | 19-Aug-17 |
| 10 | 75th ANNIVERSARY OF QUIT INDIA MOVEMENT RALLY | LB STADIUM | 100 | 21-Aug-17 |
| 11 | ESSAY WRITING (WHAT CAN DO TO MAKE INDIA CLEAN) | HMV COLLEGE | 98 | 24-Aug-17 |
| 12 | GANESH NIMARJANAM DUTY | TANK BUND | 40 | 05SEP - 06SEP2017 |
| 13 | 1 ARTY BTY CAMP | BISON TRAINING GROUND | 7 | 06SEP - 15SEP2017 |



**NSS** : वर्ष 2017, 21 अगस्त को पुन: महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना संघ श्री बी.टी. मधुसूदन की देखरेख में दोबारा क्रियाशील हुआ। एन.एस.एस. कार्यक्रम में उद्घाटन में संस्था के कार्यदर्शी श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योति हस्तक उपस्थित थी। कार्यक्रम में हरित हारम के अन्तर्गत हरियाली बनाए रखने और वातावरण को प्रदूषण रहित रखने के लिए विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

22 दिनांक 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना सौजन्य से ही हेल्थ कैंप आयोजित किया गया जिसमें छात्रों तथा प्राध्यापकों का सामान्य दैहिक परीक्षण तथा दंत परीक्षण किया गया।



## क्रिकेट कोचिंग अकादमी

महाविद्यालय द्वारा सन् 1998 में स्थापित यह अकादमी नगर तथा नगरान्तर में कीर्ति अर्जित कर रही है। इसमें प्रशिक्षित अनेक विद्यार्थियों ने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा प्रांतीय एवं राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंटों एवं मैचों में भाग लेकर न केवल अपनी उपस्थिति का आभास कराया है वरन् विभिन्न पदक तथा पुरस्कार प्राप्त करके अकादमी को गौरवान्वित किया है। गत दस वर्षों से यह अकादमी नगरस्थ विकलांग क्रिकेट खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। खेल पढ़ाई में किसी प्रकार से बाधक नहीं है। अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद भी जारी रखा जा सकता है।

### High Lights of the HMVCCA for the Year 2016:

New Infrastructure Added to the Coaching Camp:

1. Two Turf Wickets
2. One Astra Turf Wicket
3. New Bowling Machine

Successful Players who represented South Zone, State and University teams:

1. Ranji Players- Yatin Reddy & K Sumanth
2. Under 23 State- Samarth Singh
3. Osmania University Team- Satyanarayana(Captain, Hindi Maha Vidyalaya College Student), Anurag Vittal
4. Under 19 State- MSR Charan,Naveen,Anurag Vittal,Sandeep Goud
5. Under 16 State-Varun Goud( Represented South Zone and was Top 2 Batsman in Under-16 State Players across India), Sai Pragnay Reddy( Represented South Zone, not only scored 1 century and 4 Half Centuries in State Matches, he also Scored 150 in Zonal Match), B Revanth( Represented South Zone and Scored 2 Centuries and 2 Half Centuries), Samith Reddy(Scored Half Century in State Match), Prateek Reddy, and Gaurav Reddy.
6. Under 14 State- Anirudh, Vignesh, Sahara Reddy, Arvind Reddy, Sreekar Reddy.
7. HMV CCA team has won All India Pepsi Cup Under-15 Tournament Organized in Bangalore in May'16.





# प्लेसमेंट सेल

सामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संस्था में एक प्लेसमेंट सेल की स्थापना की गई है जो योग्य छात्र-छात्राओं को योग्यता एवं अर्हतानुसार नौकरियाँ दिलवाने में सहायता करती है। इस संदर्भ में अनेक कंपनियों, कार्यालयों, बडे होटलों, बैंकों जिनमें आई.सी.आई.सी.आई बैंक, बिज़नेस सेंट्रल, कैप जैमिनी, प्रतीक वेंचर्स आदि प्रमुख हैं।





# एकल शिक्षक विद्यालय को आर्थिक सहायता

गत अनेक वर्षों से हिन्दी महाविद्यालय की ओर से एकल शिक्षक विद्यालय को नियमित रूप से आर्थिक सहायता दी जा रही है। 2 लाख 89 हजार की किस्त एकल शिक्षक विद्यालय को सहायता स्वरूप प्रदान की गयी है।





# हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न परीक्षाएँ

महाविद्यालय में महाविद्यालयीन परीक्षाओं से इतर परीक्षाओं का भी आयोजन बड़े ही व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। जिसमें राज्यस्तरीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की परीक्षाएँ होती हैं। राज्य स्तरीय परीक्षाओं में इंटरमीडिएट की वार्षिक एवं पूरक परीक्षा ए.पी.पी.एस.सी की ग्रुप I, II, III आदि की परीक्षा संचालित की गई। विश्वविद्यालयीन स्तर पर डिग्री एवं पूरक परीक्षाएँ, पी.जी. की प्रवेश परीक्षा, निर्णायक परीक्षा, यू.जी.सी. नेट आदि परीक्षाओं का आयोजन किया गया। यू.पी.एस.सी. की परीक्षा तथा सी.ए., आदि की परीक्षाएँ संचालित की गई।



# महाविद्यालय में आयोजित विविध गतिविधियाँ

**हिन्दी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस आयोजित:** दिनांक 14 सितम्बर, 2016 को हिन्दी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में अर्ध-दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए हिन्दी प्राध्यापक डॉ. अभिषेक सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। हिन्दी प्राध्यापक डॉ. रजनी धारी तथा डॉ. अभिषेक ने विभिन्न विषयों पर मौलिक प्रपत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में डिग्री के छात्रों द्वारा दक्षिण में हिन्दी के महत्व पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

**पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित:** हिन्दी महाविद्यलय में दिनांक 1 अक्तूबर 2016 को 3 बजे पूर्व छात्रों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी का औपचारिक स्वागत करने के पश्चात् मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने कहा कि पूर्व छात्रों की अनेक बैठकें अतीत में ही चुकी हैं किन्तु अपेक्षित उत्साह और उपस्थिति नहीं दिखाई दी है। पूर्व छात्रों की बैठक के आयोजन का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ने विगत 20-25 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अनेक योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। पूर्व छात्रों ने संस्था की स्थिति एवं उन्नति पर संतोष व्यक्त किया तथा समय के साथ चलने का परामर्श किया। बैठक में उपस्थित पूर्व छात्रों में लक्ष्मीचंद केनिया, राजगोपाल मानधना, सुरेशचन्द लाहोटी, डॉ. रवीन्द्र गोजे, प्रेम अमन, रबीन्द्रनाथ शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, राकेश जायसवाल, डी. श्रीनिवास, के. एन.

सुब्रहमणयम्, डॉ. रजनी धारी, वी.टी. संध्या, अमित उपाध्याय, श्रीमती लाजवंती देवी तथा श्रीमती कनक महालक्ष्मी के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

**हिन्दी महाविद्यालय में स्पोकन संस्कृत कक्षाओं का उद्घाटन समारोह सम्पन्न :** हिन्दी महाविद्यलय में दिनांक 26-11-2016 को स्पोकन संस्कृत कक्षाओं का उद्घाटन हुआ। 1961 से यहाँ विद्यार्थियों को संस्कृत का अध्ययन कराया जा रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है कि संस्कृत विभाग द्वारा तीसरी बार स्पोकन संस्कृत की कक्षाओं का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के बाहर के व्यक्ति भी यहाँ आकर अध्ययन कर सकते हैं।

**संप्रेषण कौशल पर हिन्दी महाविद्यालय में एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित:** दिनांक 29 नवंबर, 2016 को हिन्दी महाविद्यालय में संप्रेषण कौशल पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। प्राचार्य श्रीमती ज्योति हस्तक से प्राप्त जानकारी के अनुसार संगोष्ठी में वक्ता के रूप में बाबू जगजीवन राम शासकीय महाविद्यालय के उप - प्राचार्य एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम तथा आन्ध्र महिला सभा के हिन्दी विभाग की प्रमुख डॉ. शारदा को आमंत्रित थे।

**हिन्दी महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ:** हिन्दी महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 19-11-2016 को संस्कृत साहित्य में जलविज्ञान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजिन किया गया। अध्यक्ष संस्कृत विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय के. प्रो. रामुलु उपस्थित थे। संस्कृत साहित्य में विस्तृत ज्ञान है तथा जल भी अपार हैं। संस्कृत भाषा सभी क्षेत्रों का मूल है तथा शोधकार्य हेतु सर्वोत्तम है। संस्कृत को ही आधार बनाकर आधुनिक साहित्य का निर्माण किया गया है। प्रो. नीलकण्ठ्म ने महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि धर्मराज युधिष्ठिर जल की रक्षा करने का आदेश देते हैं, क्योंकि पंच महाभूतों में जल का महत्वपूर्ण स्थान है। यह संसार जल से ही भरा हुआ है। जातक कथाओं, अग्निपुराण एवं भागवत पुराण में जल के महत्व को विस्तृत रूप से प्रतिपादित किया गया है। इस अवसर पर डॉ. अनुपमा हैदराबाद विश्वविद्यालय डॉ. अनसूया प्रसन्नलक्ष्मी, वरंगल, श्रीमती सुमेधा, तिरुपति, डॉ. राजनारायण अवस्थी, ई.सी.आई.एल. और डॉ. रजनीधारी हिन्दी प्राध्यापिका ने प्रपत्र प्रस्तुत किये।

**हिन्दी महाविद्यालय में संस्कृत दिवस का आयोजन :** संस्कृत विभाग हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 23-8-2017 को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ.पी. उमा ने संस्कृत भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्कृत एक दार्शनिक भाषा है। जर्मन और फ्रांस में वैदिक साहित्य पर शोध कार्य निरंतर चल रहा है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि संस्कृत उत्तराखंड़ की राज्यभाषा है। एशिया ही नहीं यूरोप में भी आज बहुत से विद्यार्थी संस्कृत पढ़ रहे हैं क्योकि संस्कृत में ही सर्वाधिक काव्य, नाटक, आयुर्वेद, समाज शास्त्र और विज्ञान से संबंधित ग्रंथों की रचना सर्वप्रथम की गयी है। विश्व की सभी भाषाओं में संस्कृत के शब्द बहुतायत में प्राप्त होते हैं।

**निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित :-**

हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 28-12-16 को नगद्वय के सभी जूनियर कॉलेजों के लिए निबंध प्रतियोगिता की गयी। संगम लक्ष्मी बाई जूनियर कॉलेज की सीमीना बेगम को प्रथम, आयफुरा बेगम को द्वितीय तथा न्यू इरा जूनियर कॉलेज की अनीशा ठाकुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिन्हे क्रमश: 750,500 तथा 250 रुपये का नकद पुरस्कार पूर्वघोषणानुसार हिंदी महाविद्यालय में दिनांक 26 जनवरी को प्रात: 8:30 बजे आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में दिये गये। धर्मवीर वामन नायक गर्ल्स जूनियर कॉलेज की छात्रा एम.साईनंदनी, डॉ. जिंदल जुनियर कॉलेज के सैय्यद इमरान मदनी तथा न्यू इरा जूनियर

कॉलेज की एन. ममता को 250 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

**हिन्दी महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस आयोजित :-**

हिन्दी महाविद्यालय में दिंनाक 26 जनवरी 2017 को 68वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य आतिथि के रुप में अग्रसेन को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमेन तथा पूर्व विद्यार्थी श्री प्रमोद केडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्वायोजित अंतरमहाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथि ने पुरस्कृत किया।

**मॉक पार्लियामेंट आयोजित :**

दिनांक 27 फरवरी, 2017 को सरोजनी नायडू वनीता महाविद्यालय में डिग्री स्तर पर 'Mock Parliament' का आयोजन किया गया। संसद में विवाद हेतु रखे गये प्रमुख विषय विमुद्रीकरण के साथ अन्य चर्चा के विषय थे जल्लिकट्टू, महिला सुरक्षा, रेल दुर्घटना, अमेरिका में सत्ता परिवर्तन और जी.एस.टी. बिल, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। भाग लेने वाली छात्रायें थीं- बी.ए तृतीय वर्ष से प्रियंका कुमारी, श्रेया सिंह, अभिकीर्ति, बी.ए.द्वितीय वर्ष से मेघामनु, निखिला तथा बी. कॉम प्रथम वर्ष से विभाग दिनांक 25-1-2017 को हिन्दी महाविद्यालय में मतदाता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष यह दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता पर्व के रुप में मनाया जा रहा है। मतदाता दिवस का उद्देश्य प्रत्येक युवा को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग आगे बढ़कर करने के लिये प्रेरित करना है। नागरिकों का दायित्व है कि वे धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या किन्ही अन्य प्रलोभों के दबाव से मुक्त होकर अपने इस राजनीतिक अधिकार का प्रयोग करें।

**पूर्व छात्रों की बैठक संपन्न :-**

हिन्दी महाविद्यालय में पूर्व छात्रों की एक विशेष बैठक का आयोजन रविवार दिनांक 12 फरवरी 2017 को हुआ। विद्यार्थियों से प्राप्त आदर एवं प्रेम से अभिभूत प्राध्यापकों ने अपने संदेश में सभी विद्यार्थियों में परिलक्षित अनुशासन एवं लक्ष्योन्मुख जीवन शैली के प्रति हार्दिक संतोष प्रकट किया बैठक में सोत्साह उपस्थित छात्र- छात्राओं ने अपनी व्यवस्ताओं का विस्तुत वर्णन करते हुए अपने - अपने वक्तव्य में अध्ययन कालीन अविस्मरणीय स्मृतियों को रेखांकित किया तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

**हिन्दी महाविद्यालय का वार्षिक दिवस आयोजित :-**

हिन्दी महाविद्यालय का वार्षिक दिवस दिनांक 18 फरवरी 2017 को हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला दक्षता समिति तथा आ.प्र.राज राजेश्वरी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष डॉ. सरोज बजाज मुख्य अतिथि स्वरुप आमंत्रित थीं। मुख्य अतिथि ने गतवर्षीय वार्षिक परीक्षाओं में हुए टॉपर्स को पुरस्कृत किया। सर्वोत्तम एन.सी.सी. केडेट्स को संस्थाध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया के कर कमलों से पुरस्कार प्राप्त हुये। पुन: साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर अनुग्रहीत किया।

